राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत–गुजरात,संस्करण मंगलवार 10 अक्टूबर 2023 वर्ष–6,अंक–259 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1


## शारदीय नवरात्रों से पहले मां वैष्णो देवी के दर्शन करना होगा महंगा



**नई दिल्ली।** नवरात्रों से पहले मां वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बडी़ खबर सामने आई है। माता के दर्शनों के लिए हैलीकॉप्टर से जाने वाले श्रद्धालुओं को अब कटड़ा से सांझी छत के बीच प्रति व्यक्ति 2100 रुपए का भुगतान करना होगा, जबकि दोनों तरफ उड़ान भरने के लिए श्रद्धालुओं को 4200 का भुगतान करना होगा। नए रेट पहले नवरात्रि से लागू होंगे। इससे पहले कटड़ा से सांझी छत तक का एक तरफ का किराया 1830 जबकि दोनों तरफ का 3660 रुपए था। हाल ही में हुए टैंडर के दौरान नया रेट निर्धारित किया गया है जो कि पहले नवरात्रि 16 अक्टूबर से लागू होगा। जिन श्रद्धालुओं द्वारा पहले से ऑनलाइन हैलीकॉप्टर की टिकट बुक की गई होगी उन्हें भी बढ़ा हुआ किराया हैलीपैड पर भरना होगा।

**रोजाना करीब दो से ढाई हजार श्रद्धालु सेवा का लाभ उठाते हैं**

इससे पहले साल 2020 में कोरोना के दौरान 1170 से 1830 रुपये किराया बढ़ाया गया था। 3 वर्ष के भीतर किराया लगभग दोगुना कर दिया गया है। मौजूदा समय में दो हेलीकॉप्टर कंपनियां ग्लोबल वैक्ट्रा और हिमालयन हेली सेवाएं मुहैया करवा रहीं हैं। बता दें कि रोजाना करीब दो से ढाई हजार श्रद्धालु सेवा का लाभ उठाते हैं। नवरात्र के लिए पहले से आनलाइन एडवांस बुकिंग करवा चुके श्रद्धालुओं को भी तय हुआ नया किराया जमा कराना होगा।

बता दें कि माता वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए हर साल 90 से 95 लाख श्रद्धालु आते हैं। गर्मियों में हेलीकॉप्टर की उड़ानें अधिक होती हैं तो सर्दियों में दिन छोटे होने के कारण यह कम हो जाती हैं।

# हमास के आतंकियों को तैयार करता है ईरान, इजरायल ने भारत से भी मांगी मदद

भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलन ने कहा है कि आतंकवाद से लड़ने में भारत की बड़ी मदद की जरूरत है। भारत दुनियाभर में प्रभावी देश है। पूरी दुनिया को हमास का विरोध करना चाहिए।

**नई दिल्ली।** इजरायल न हमास के आतंकी हमले के लिए सीधा-सीधा ईरान को जिम्मेदार ठहराते हुए दुनियाभर के देशों की मदद मांगी है। इजरायल का कहना है कि बिना ईरान की मदद के हमास इतनी हिम्मत नहीं कर सकता। भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलन ने कहा कि आगे इस तरह के हमले को रोकने के लिए उसे भारत जैसे देशों का भी सपोर्ट चाहिए। बता दें कि हमास के अचानक किए गए आतंकी हमले में इजारयल के करीब 1100 लोग मारे गए हैं। इसके बाद इजरायल ने भी गाजा में भयंकर तबाही मचाई और 700 से ज्यादा लोग मारे गए। इजरायली राजदूत ने कहा, यह स्पष्ट है कि ईरान हमले में शामिल था। हम जानते हैं कि ईरान आतंकियों को हथियार और प्रशिक्षण देता है। हमारे पास बहुत पुख्ता सबूत हैं। हम जानते हैं कि पहले भी कई बार ईरान ने हमास को आधुनिक हथियार मुहैया करवाए हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल मध्य एशिया में एक बड़ा परिवर्तन करना चाहता था। अरब देशों के साथ सहयोग बढ़ाकर शांति का प्रयास कर रहा था। उन्होंने



**भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलन ने कहा कि आगे इस तरह के हमले को रोकने के लिए उसे भारत जैसे देशों का भी सपोर्ट चाहिए। बता दें कि हमास के अचानक किए गए आतंकी हमले में इजारयल के करीब 1100 लोग मारे गए हैं। इसके बाद इजरायल ने भी गाजा में भयंकर तबाही मचाई और 700 से ज्यादा लोग मारे गए।**

कहा कि सभी देशों को इन कट्टरपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। गिलन ने कहा कि भारत जैसे देश इस मामले में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल ने किसी खास क्षेत्र में कोई बड़ी मदद नहीं मांगी है। बस हमास के खिलाफ बोलने की जरूरत है। गिलन ने कहा, भारत दुनिया का बेहद प्रभावी देश है इसलिए हमें भारत के दोस्तों के समर्थन की जरूरत है। हम जानते हैं कि आतंकवाद बहुत बडी समस्या है। यह हमारे लिए बहुत जरूरी है कि हम इसके खिलाफ मिलकर कार्रवाई करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही इस हमले की निंदा की थी और कहा था कि भारत इजरायल के साथ खड़ा है। गिलन ने कहा, हो सकता है किआगे कभी बातचीत का रास्ता खुले लेकिन फिलहाल ऐक्शन लेने की जरूरत है। गिलन ने चीन की प्रतिक्रिया पर निराशा जताते हुए कहा कि उसने खुलकर इस हमले की निंदा नहीं की। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में ऐसे आतंकी संगठनों के खिलाफ सबको मिलकर खड़े होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद सिर्फ आतंकवाद है, उसका स्वरूप कोई भी हो सकता है। इसलिए उसकी निंदा करना और ऐक्शन लेना बहुत जरूरी है। गिलन ने यह भी कहा कि आतंकी संगठन ने बहुत सारे इजरायल के लोगों को बंधक बना लिया। बता दें कि इजरायल में लगभग 18 हजार भारतीय रहते हैं जिनमें 900 स्टूडेंट हैं।

## दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक खत्म, खड़गे बोले- देशभर में जातीय जनगणना की मांग उठाएंगे

### 5 राज्यों में पूरी ताकत से जीतेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कांग्रेस कार्यालय में वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। मीटिंग में सोनिया गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कांग्रेस नेता मौजूद रहे। मीटिंग के दौरान खड़गे ने कहा- कल्याणकारी योजनाओं में सही हिस्सेदारी के लिए समाज के कमजोर वर्गों की स्थिति पर सामाजिक-आर्थिक डेटा होना जरूरी। कांग्रेस लगातार देशव्यापी जातीय जनगणना की मांग उठा रही लेकिन इस मुद्दे पर बीजेपी चुप है।

**मीटिंग के बाद खड़गे ने क्या कहा...**

2024 में सत्ता में आने के बाद हम ओबीसी महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए महिला आरक्षण लागू करेंगे।

विधानसभा और लोकसभा चुनाव नजदीक आ गए हैं, इसलिए पार्टी के लिए सावधानीपूर्वक समन्वय, अनुशासन और एकता के साथ काम करना महत्वपूर्ण है

हमें राजस्थान, छत्तीसगढ़, एमपी, तेलंगाना, मिजोरम में विधानसभा चुनावों के लिए असरदार रणनीति बनानी होगी।

हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक में निर्णायक जीत के बाद कैडर में नया उत्साह है, इसलिए हम चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक देंगे।

इससे पहले 16 सितंबर को हैदराबाद में ष्टङ्खष्ट की बैठक बुलाई गई थी। इस मीटिंग में सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी शामिल हुए थे। मीटिंग में पेश प्रस्ताव में कहा गया था कि केंद्र सरकार राजनीतिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। इसमें दावा किया गया था कि भाजपा देश के संवैधानिक और संघीय ढांचे के लिए चुनौती है।

इस बैठक से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि मोदी सरकार महंगाई को रोकने, बेरोजगारी, मणिपुर हिंसा और असमानता के मुद्दे पर पूरी तरह फेल रही है। खड़गे ने ये भी कहा कि जिस तरह से इंडियन नेशनल इनक्लूसिव अलायंस (ढ्ढ.ह्र.ष्ठ.ढ्ढ.) को कामयाबी मिल रही है, भाजपा सरकार विपक्षी दलों पर कार्रवाई करने में लगी है।

हैदराबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक शुरू होने से पहले राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस दौरान खड़गे और सोनिया गांधी मौजूद रहीं।

## सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 3000 से अधिक लोग फंसे, बाढ़ के 5वें दिन भी राहत नहीं

**गंगतोक।** सिक्किम में 4 अक्टूबर को आई विनाशकारी बाढ़ ने कई लोगों की जिंदगियां लील ली। इस बाढ़ में मरने वालों की संख्या 82 हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि सिक्किम में अचानक आई बाढ़ के पांच दिन बाद भी 3,000 से अधिक लोग, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं, हिमालयी राज्य के लाचेन और लाचुंग कस्बों में फंसे हुए हैं। अभी वे लोग स्थानीय लोगों की मदद के भरोसे हैं। उन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। वहां पहुंचने की कोशिश की जा रही है। मंगन जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम चुंगथांग तक पहुंचने में कामयाब रहे हैं जहां से सड़क दो रूट में विभाजित होती है - एक लाचेन की ओर और दूसरी लाचुंग की ओर। लेकिन चुंगथांग से परे ये दोनों शहर



अभी भी राहत और बचाव कर्मियों के लिए पहुंच से बाहर हैं। वहां अब भी करीब 3,000 लोग फंसे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा उनकी मदद की जा रही है।

लाचेन गुरुडोंगमार झील जाने वाले पर्यटकों के लिए आधार है, जो 17,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित एक उच्च ऊंचाई वाली झील है, जबकि लाचुंग युमथांग घाटी की ओर जाने वाले पर्यटकों के लिए रुकने का स्थान है। मंगलवार की रात उत्तरी सिक्किम में एक हिमनदी झील के फटने से बुधवार तड़के तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ में कम से कम 82 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 140 लोग लापता हैं।

उत्तरी सिक्किम में मंगन जिला, जहां ये दोनों शहर स्थित हैं, सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। सिक्किम सरकार के नवीनतम अनुमान से पता चलता है कि अकेले जिले में लगभग 50 गांव और कस्बे प्रभावित हुए हैं और 30,000 से अधिक लोगों को नुकसान झेलना पड़ा। जिले में कम से कम चार लोग मारे गए हैं और एक दर्जन से अधिक लोग लापता हैं।

**चुंगपांथ को पेगोंग से जोड़ने के लिए अस्थायी पुल**

एक अधिकारी ने कहा, एनडीआरएफ कर्मियों सहित एक राहत और बचाव दल शुक्रवार रात पहली बार चुंगथांग पहुंचने में कामयाब रहा, आईटीबीपी कर्मियों ने शनिवार को ज़िप-लाइन का उपयोग करके 56 लोगों को बचाया।÷ चुंगथांग को पेगोंग से जोड़ने के लिए सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा एक अस्थायी बांस पुल बनाया गया है। सेना वहां एक और पुल का निर्माण कर रही है। अस्थायी बांस पुल फंसे हुए पर्यटकों और स्थानीय लोगों को चुंगथांग से दूसरी तरफ ले जाने में सक्षम होगा।

## हरियाणा के पर्यटकों का वाहन खाई में गिरने से सात की मौत, 24 घायल

**नैनीताल।** हरियाणा के हिसार से नैनीताल घूमने आये पर्यटकों का वाहन रविवार देर शाम खाई में गिरने से सात पर्यटकों की मौत हो गयी जबकि 24 लोग घायल हो गये। घायलों को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीएन मीणा के अनुसार हरियाणा के हिसार से पर्यटकों का एक दल कुछ दिन पूर्व नैनीताल घूमने आया था। पर्यटकों का दल आज देर शाम को वापस लौट रहा था। इसी दौरान नैनीताल-कालाढूंगी मार्ग पर उनका वाहन घटगड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में जा गिरा। वाहन में 31 लोग सवार थे। इस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में चालक समेत पांच महिला एवं एक बच्चा शामिल हैं। सभी घायलों को खाई से निकाल कर सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना की अन्य वाहन चालकों की ओर से पुलिस को दी गयी। तत्काल नैनीताल, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) कालाढूंगी थाना के अलावा हल्द्वानी की पुलिस को मौके के लिये रवाना किया गया। एसएसपी मीणा भी स्वयं मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य को संचालित किया। अंधेरा होने के चलते राहत कार्य में कुछ दिक्कतें आयी।

पुलिस ने जनरेटर की व्यवस्था की और राहत एवं




बचाव कार्य संचालित किया। इसके बाद बमुश्किल घायलों और शवों को खाई से बाहर निकाला जा सका। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पायी है जबकि घायलों में अधिकांश हिसार के रहने वाले हैं। जिलाधिकारी वंदना ने भी सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## नदियों के संरक्षण-वन क्षेत्र बढ़ाने को इको टास्क फोर्स बटालियन चाह रहीं राज्य सरकारें

**नई दिल्ली।** गंगा-यमुना जैसी बड़ी नदियों के संरक्षण का जिम्मा संभालने से लेकर पेड़-पौधे लगा नए वन क्षेत्र विकसित करने के लिए कई राज्य सरकारें प्रादेशिक सेना (टेरिटोरियल आर्मी) की विशेष इकोलॉजिकल टास्क फोर्स की तैनाती में गहरी रूचि दिखा रहे हैं। छत्तीसगढ, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड समेत कुछ राज्यों ने वन क्षेत्र बढ़ाने और गंगा के संरक्षण के लिए अपने यहां इस टास्क फोर्स की अतिरिक्त बटालियन तैनात करना चाहती हैं।

**इकोलॉजिक टास्क फोर्स की मदद से पर्यावरण संरक्षण**

वहीं, दिल्ली ने यमुना नदी की सफाई और संरक्षण को गति देने के लिए एक और इकोलॉजिकल टास्क फोर्स बटालियन देने का अनुरोध किया है। प्रादेशिक सेना के इकोलॉजिक टास्क फोर्स के पर्यावरण संरक्षण



के साथ नए हरित वन क्षेत्र विकसित करने में बीते 40 सालों में हासिल की गई महारत को देखते हुए राज्य सरकारें अपनी नदी और वन संरक्षण परियोजनाओं के लिए इन्हें जिम्मेदारी देते हुए भरोसा जता रही हैं।

**इको टास्क फोर्स बटालियन का किया जा रहा गठन**

रक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े सूत्रों ने कहा कि इस क्रम में आ रहे राज्यों के अनुरोध को स्वीकार कर उनकी जरूरतों के अनुरूप इको टास्क फोर्स बटालियन का गठन किया जा रहा है। सोमवार को अपनी स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही प्रादेशिक सेना युद्ध ओर शांति के समय में अपने मानवीय कार्यों के लिए विशेष रूप से जानी जाती है और पर्यावरण संरक्षण उसके कार्यों का अहम हिस्सा है।

**गंगा की सफाई**

सूत्र ने कहा कि गंगा की स्वच्छता के लिए चल रहे अभियानों में इको टास्क फोर्स उत्तरप्रदेश से लेकर उत्तराखंड और बिहार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा जिसमें गंगा घाटों की सफाई से लेकर उसमें गंदगी डालने से रोकने का अहम जिम्मा भी है। गंगा की सफाई के लिए इन राज्यों से इको टॉस्क फोर्स की तैनाती में बढ़ोतरी का अनुरोध आ रहा है। गंगा टास्क फोर्स गंगा नदी के किनारे तैनात है और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के हिस्से के रूप में जल शक्ति मंत्रालय के साथ मिलकर इसके संरक्षण और कायाकल्प की दिशा में काम कर रहा है।

**दिल्ली के लिए अतिरिक्त यमुना इको टॉस्क फोर्स बटालियन की मांग**

वहीं, दिल्ली के उपराज्यपाल ने तो युमना की सफाई के लिए एक अतिरिक्त यमुना इको टॉस्क फोर्स बटालियन की मांग की है और इसलिए इसका गठन किया जा रहा है। मालूम हो कि जो राज्य इको टॉस्क फोर्स की बटालियन की मांग करता है उसका पूरा खर्च उसे ही वहन करना होता है।

# बालासोर ट्रेन हादसे में 28 शव लावारिस, बीएमसी नगर निगम को सौंपेगी डेडबॉडी, आज किया जाएगा अंतिम संस्कार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर में ट्रिपल टेन एक्सीडेंट को चार महीने हो चुके हैं। इस हादसे में 297 लोगों की मौत हुई थी। जिसमें 269 शवों को उनके घरवाले ले गए। अभी 28 शव ऐसे हैं जिन्हें लेने कोई नहीं आया। अब इन लावारिस शवों के दाह संस्कार का जिम्मा भुवनेश्वर नगर निगम को सौंपा जा रहा है। BMC के अधिकारियों ने रविवार से 28 अज्ञात शवों को डिकंपोज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नगर निगम ने इन शवों को वैज्ञानिक तरीके से डिकंपोज करने के लिए एक SOP जारी की है।

**CBI अधिकारियों की मौजूदगी में निगम को सौंपे जाएंगे शव**

BMC मेयर सुलोचना दास ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा- शवों को CBI अधिकारियों की मौजूदगी में निगम को सौंप दिया जाएगा। हम मंगलवार को दाह संस्कार की योजना बना रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना की जांच कर रही CBI ने खुर्दा जिला कलेक्टर को लेटर लिखकर शवों को डिकंपोज करने को कहा था। जून में हुई दुर्घटना के बाद से शव एम्स भुवनेश्वर में रखे गए थे। बीएमसी की तरफ से जारी एसओपी के मुताबिक, पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी।

**डीप फ्रीजर कंटेनरों में रखे गए थे शव–** एम्स भुवनेश्वर में 162 शव रखे गए थे और उनमें से 81 को मृतकों के परिवार को सौंप दिया गया था। बाद में, DNA टेस्ट के बाद अन्य 53 शव परिवार के सदस्यों को दे दिए गए, लेकिन 28



डेडबॉडी को लेने कोई नहीं आया। शवों को पारादीप पोर्ट ट्रस्ट से खरीदे गए कम से कम पांच डीप फ्रीजर कंटेनरों में रखा गया था।

**ऐसे हुआ था हादसा**

2 जून की शाम को चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस मेन लाइन की बजाय लूप लाइन में चली गई, जहां मालगाड़ी खड़ी थी। ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई। कोरोमंडल और मालगाड़ी की कुछ बोगियां बगल के ट्रैक पर बिखर गईं। इसके थोड़ी देर बाद ही ट्रैक पर बिखरे डिब्बों से हावड़ा-बेंगलुरु एक्सप्रेस टकरा गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए।

हादसे में CBI की चार्जशीट में तीन रेलवे अफसरों के नाम हैं। तीनों पर गैर-इरादतन हत्या और सबूत मिटाने के आरोप हैं। इनमें सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार शामिल हैं। 7 जुलाई को CBI ने तीनों आरोपियों को अरेस्ट किया था। 11 जुलाई को कोर्ट ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

**तीनों आरोपी जानते थे कि उनकी लापरवाही से हादसा हो सकता है- CBI**

चार्जशीट में जिन तीन रेलवे अफसरों के नाम हैं उनके बारे में CBI ने जुलाई में कहा था कि तीनों जानते थे कि उनकी लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। दुर्घटना की जांच कर रहे रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जुलाई के शुरुआती हफ्ते में हादसे के लिए सिग्नलिंग विभाग के कर्मचारियों की मानवीय भूल को जिम्मेदार ठहराया था।

**बिना अप्रूवल पटरी रिपेयरिंग की वजह से हादसा हुआ**

CBI ने भुवनेश्वर की स्पेशल कोर्ट में 24 अगस्त को अपनी रिपोर्ट पेश की थी। इसमें जांच एजेंसी ने बताया कि पटरी पर बिना अप्रूवल हो रहे मरम्मत कार्य की वजह से ट्रेन हादसा हुआ था।

इससे पहले बहनागा बाजार स्टेशन के लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 94 पर बिना मंजूरी के मरम्मत का काम किया गया था। ष्टक्चढ्ढ ने कहा कि सीनियर डिविजनल सिग्नल और टेलिकॉम इंजीनियर की मंजूरी के बिना ही वहां रिपेयरिंग वर्क हुआ था। इसके लिए सर्किट डायग्राम भी पास नहीं कराया गया था।

# अपने कार्यकताओं को सिर आंखों पर बैठाते थे मुलायम सिंह यादव!

पहली पुण्यतिथि पर विशेष



डॉ श्रीगोपाल नारसन

**मुलायम सिंह यादव साहित्यकारों का बेहद सम्मान करते थे।वे अपने कार्यकताओं को सम्मान देना भी नही भूलते थे।संकट के समय कार्यकर्ता का साथ वे कभी नही छोड़ते थे।उन्होंने गीतकार गोपाल दास नीरज व शायर नवाज देवबंदी को मंत्री का दर्जा देकर जहां कलम को अहमियत दी वही अपने कार्यकताओं को नीचे से उठाकर गले लगाना उन्हें अच्छे से आता था।इसी कारण उनके कार्यकर्ता उनपर जान छिड़कते थे।नेताजी को अलविदा हुए एक साल हो गया है फिर भी हर कार्यकर्ता उन्हें आज भी याद करता है।**

उत्तर प्रदेश की ही नही देश की राजनीति में समाजवाद का प्रतिनिधित्व कर सामाजिक समानता और वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले दबंग नेता मुलायम सिंह यादव अपने कार्यकताओं को हमेशा सिर आंखों पर बैठाकर रखते थे।उन्होंने साहित्यकारों को जहां भरपूर सम्मान दिया वही अपने यादव समाज को भी आगे बढाने में कोई कसर बाकी नही छोड़ी।यहां तक कि अपने पैतृक गांव सैफई को भी विकास के नक्शे पर लाकर खड़ा कर दिया।गत वर्ष आज ही के दिन उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री,देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव का दुःखद निधन हो गया था।मुलायम सिंह यादव ने राजनीति में लंबी पारी खेली थी। सन 2012 में अपनी सक्रिय राजनीति की आखिरी लड़ाई लड़ते हुए सपा अध्यक्ष के तौर पर मुलायम सिंह ने पार्टी को भारी जीत दिलाई थी और अपने बेटे अखिलेश यादव को सत्ता की कमान सौंप दी थी। लेकिन उनके जीवन में एक ऐसा वक्त भी आया जब उन्होंने बेटे अखिलेश यादव और भाई रामगोपाल यादव को सपा से निकालने का एलान कर डाला था। इसके बाद अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव के बीच टकराव का एक पूरा दौर चला।जो अब उनकी मौत के साथ ही समाप्त हो गया है।

मुलायम सिंह की राजनीति दशक साठ के दौर में परवान चढ़ी थी। सन 1967 में जब लोहिया के नेतृत्व में 9 राज्यों में पहली बार गैरकांग्रेसी सरकारें बनी थीं, तब मुलायम सिंह यादव यूपी विधानसभा के लिए चुने गए थे।मुलायम सिंह यादव सन 1989 में पहली बार यूपी के मुख्यमंत्री भी बने थे। लेकिन 1991 में जनता दल टूटा गया था।सन 1993 में उन्होंने फिर यूपी में सरकार बनाई, ये सरकार भी मायावती के साथ टकराव के बीच कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी।



तीसरी बार वे सन 2003 में मुख्यमंत्री बने और 2007 तक इस पद पर बनें रहे।90 के दशक का समय मुलायम सिंह यादव का सबसे चुनौती भरा था। राम मंदिर से जुड़ी सांप्रदायिक राजनीति की लड़ाई यूपी की जमीन पर लड़ी जा रही थी।सन 1990 में अयोध्या में गुंबदों पर कारसेवकों पर चली गोली ने उनके राजनीति सफर पर असर डाला। जबकि ये बात कभी साफ नहीं हुई कि उस गोलीकांड में कितने लोग मारे गए थे। सन1992 में बाबरी मस्जिद गिरा दी गई और कल्याण सिंह सरकार बर्खास्त कर दी गई।सन 1993 में कांशीराम की बसपा के साथ मिलकर उन्होंने दलितों और पिछड़ों की जो ऐतिहासिक गोलबंदी की, उसका असर ये हुआ कि यूपी में बीजेपी को पीछे छोड़ सपा-बसपा की सरकार बन गई। लेकिन ये दोस्ती ज्यादा नहीं टिक पाई। बसपा इसके बाद बीजेपी के साथ हाथ मिलाती और सरकार बनाती नजर आई.केंद्रीय राजनीति में पहली बार संयुक्त मोर्चे की सरकार बनी।सन 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी की तेरह दिनों की सरकार के जाने के बाद देवगौड़ा के नेतृत्व में जो सरकार बनी, उसमें मुलायम रक्षा मंत्री बनाए गए। लेकिन इसके बाद संयुक्त मोर्चा भी बिखरा, सपा की राजनीति भी बिखरी. 1999 में उन पर सोनिया गांधी से वादाखिलाफी का आरोप लगा जब संसद में अविश्वास मत के दौरान मुलायम अलग नजर आए.

शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव इटोली में रहकर मुलायम सिंह यादव ने पढ़ाई की थी।नेताजी ने इसी गांव में रहकर कुश्ती के दांव-पेंच सीखे। मुलायम सिंह यादव का पूरा परिवार इटावा के सैफई से पहले फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव इटोली में रहता था, लेकिन नेताजी के बाबा मेवाराम सैफई जाकर रहने लगे।फिर वहीं मुलायम सिंह यादव के पिताजी सुघर सिंह का जन्म हुआ। मुलायम सिंह यादव का जन्म भी सैफई में ही हुआ, लेकिन उनका वहां बहुत कम मन लगता था, इसलिए वह अपने पैतृक गांव ईटोली में आ जाते थे और काफी दिनों तक इसी गांव में रहते थे। बीच-बीच में वह सैफई चले जाते थे। उन्होंने इटोली गांव में रहकर आदर्श कृष्ण कॉलेज में पढ़ाई की। वे अपने मित्रों के साथ इटोली गांव से पैदल-पैदल उस समय शिकोहाबाद स्थित आदर्श कृष्ण कॉलेज में पढ़ाई करने आते थे।अगर मुलायम सिंह यादव के खाने की पसंद की बात करें तो उन्हें खाने में सबसे ज्यादा मक्के की रोटी और चने का साग पसंद था। पढ़ाई के साथ-साथ मुलायम सिंह यादव गांव में रहकर गांव के युवकों के साथ पशु चराने भी जाते थे। इस गांव में मुलायम सिंह आखिरी बार सन2014 में आए थे, जब उनके चचेरे भाई गिरवर सिंह की तबीयत खराब थी।मुलायम सिंह यादव साहित्यकारों का बेहद सम्मान करते थे।वे अपने कार्यकताओं को सम्मान देना भी नही भूलते थे।संकट के समय कार्यकर्ता का साथ वे कभी नही छोड़ते थे।उन्होंने गीतकार गोपाल दास नीरज व शायर नवाज देवबंदी को मंत्री का दर्जा देकर जहां कलम को अहमियत दी वही अपने कार्यकताओं को नीचे से उठाकर गले लगाना उन्हें अच्छे से आता था।इसी कारण उनके कार्यकर्ता उनपर जान छिड़कते थे।नेताजी को अलविदा हुए एक साल हो गया है फिर भी हर कार्यकर्ता उन्हें आज भी याद करता है।

(लेखक राजनीतिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है।)

## संपादकीय

### जल्द सुलटाना होगा तनाव

गाजापट्टी में सत्तारूढ़ चरमपंथी हमास ने शनिवार तड़के इस्राइली शहरों पर अप्रत्याशित हमला करते हुए दो सौ से ज्यादा इस्राइली नागरिकों की हत्या कर दी। हमले में 1100 से ज्यादा व्यक्ति घायल हुए। हमास के सैकडों लड़ाके हवाई, जमीनी और समुद्र के रास्ते इस्राइली सीमा में घुस गए। जवाबी कार्रवाई में इस्राइल के सैनिकों ने गाजा पट्टी में 198 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। सोलह सौ से ज्यादा घायल हुए। हमास के 'ऑपरेशन अल-अक्सा स्टॉर्म' के तहत इस्राइल पर ताबड़तोड़ हमलों के जवाब में यहूदी देश इस्राइल ने 'ऑपरेशन आयरन स्वोर्ड' की घोषणा की है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि 'हम युद्धरत हैं। हमास ऐसी कीमत चुकाएगा जैसी उसने सोची भी न होगी।' प्रमुख यहूदी अवकाश के रोज हमास के लड़ाकों ने इस्राइली शहरों पर हजारों रॉकेट दागे और इस्राइली सैनिकों और नागरिकों को बंधक बनाकर गाजा ले गए। बंधक



बनाए गए लोगों की संख्या अभी अज्ञात है। इस बीच, इस्राइली इलाकों में हमास की गोलीबारी जारी है, और इस्राइल ने भी गाजा पट्टी पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। हमास के एक शीर्ष सूत्र के मुताबिक, बंधक बनाए गए इस्राइली सैनिकों और नागरिकों का इस्तेमाल इस्राइली जेलों में बंद फिलस्तीनी बंदियों को मुक्त कराने के लिए अदला बदली की सौदेबाजी में किया जाएगा। भारत समेत पश्चिमी देशों ने हमले की निंदा करते हुए इस्राइल के प्रति समर्थन जताया है। गौरतलब है कि इस्राइल में भारत के 18 हजार के करीब भारतीय नागरिक हैं, और भारतीय मूल के लगभग 85 हजार यहूदी आबाद हैं। भारत ने अपने नागरिकों को 'सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए सतर्कता' बरतने की एडवाइजरी जारी की है। जिस तरह एकाएक इस्राइली शहरों पर हमास के लड़ाकों ने हमला किया है, उसे देख कर लगता है कि हमले पूरी तैयारी के साथ किए गए। इस्राइल में यह गंभीर आक्रमण सिमकैट टोरा के दिन किया गया तो इस्राइल में खुशी का ऐसा दिन है जब यहूदी 'टोरा स्क्रॉल' पढ़ने का वाषिर्क चक्र पूरा करते हैं। इस हमले से पचास साल पहले 1973 के युद्ध की यादें ताजा हो गई जिसमें इस्राइल के दुश्मनों ने यहूदी कैलेंडर के सबसे पवित्र दिन योम किप्पुर पर चौंकाते हुए हमला किया था। गौरतलब है कि हमास और इस्राइल के बीच इस टकराव के बड़े संघर्ष में तब्दील होने का खतरा पैदा हो गया है। लेबनॉन, ईरान जैसे मुस्लिम भाईचारा से प्रेरित चरमपंथी देशों के बीच में कूद पड़ने का अंदेशा है।


## चिंतन-मनन

### अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुत- उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रात- स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती।

आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंत-स्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठत और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है। यह बाहरी भली-बुरी परिस्थितियां मनुष्य के मनोबल, आस्था और अंत-प्रेरणाओं की प्रतीक हैं। भाग्य यदि कभी कुछ करता होगा तो निश्चय ही उसे पहले मनुष्य की मनोरुचि में ही प्रवेश करना पड़ता होगा, जिसकी अंत-गतिविधियां सही दिशा में चलने लगीं हैं। किंतु जिसका मानसिक स्तर चंचलता, अवसाद, अवास, आलस्य, आवेश, दैन्य आदि से दूषित हो रहा है, उसके लिए अच्छी परिस्थितियां और अच्छे साधन उपलब्ध होने पर भी दुर्गति का ही सामना करना पड़ेगा।

# दुनिया के देश तृतीय विश्व युद्ध के मुहाने पर?



सनत जैन




फिलिस्तीन आतंकियों ने इजराइल में हमला कर दिया। इजराइल अप्रैल से उकसा रहा था हमास को। ताजा हमले के संकेत अप्रैल से मिलने लगे थे। वेस्ट बैंक इलाके में बार-बार इजराइली सैन्य अभियान चलाए जा रहे थे। उसके बाद गाजा ने इजराइल को उसी भाषा में जवाब देना तय किया। मई में इजराइल और हमास में छोटी झड़प हुई। इजराइली हवाई हमलों में हमास के 3 नेता मारे गए। मिस्त्र, यूएन की मध्यस्थता से संघर्ष विराम हुआ था। उसके बाद फिर संघर्ष हुआ। आतंकी संगठन हमास ने दुनिया के सबसे मजबूत डिफेंस सिस्टम वाले इजराइल पर शनिवार की सुबह हमला किया। इसमें 5000 से ज्यादा रॉकेट दागे गए, एक ही झटके में सैकड़ो इजरायली नागरिकों की मौत हो गई। हमास के आतंकवादियों ने बुलडोजर से मजबूत दीवार को ढहाकर इजराइल में घुस कर सैकड़ो लोगों का अपहरण कर लिया। यह भी कहा जा रहा है, कि महिलाओं को नग्न कर उनके साथ हैवानियत भी की। घरों में घुसकर गोलियों से परिवार को भून डाला। कुछ महिलाओं को अगवा कर गाजापट्टी ले गए। आतंकवादियों का दावा है, कि उन्होंने इतने इजराइली नागरिकों का अपहरण कर लिया है। उसके बदले वह इजरायल की जेल में बंद अपने सभी कैदियों को छुड़ा सकते हैं। इजराइल का डिफेंस सिस्टम सबसे मजबूत माना जाता था। इजरायल की इंटेलीजेंस इस हमले से पूरी तरह से विफल साबित हुई। पूरी दुनिया को सेंसर सर्विलांस उपकरण, एंटी ड्रोन मशीनरी और एंटी मिसाइल तंत्र के उपकरण और हथियार बेचने वाला इजरायल जब अपने ही देश की सुरक्षा नहीं कर पाया। निश्चित रूप से आने वाले समय में इजरायल ने जो दावे कर रखे थे। वह पूरी तरीके से गलत साबित होते हुए दिख रहे हैं। इस हमले से दुनिया के देश मुस्लिम-ईसाई और यहूदी के बीच धार्मिक आधार पर बंटते हुए नजर आ रहे हैं। यूरोप और ईसाई धर्म मानने वाले देश, इजराइल को समर्थन करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं ईरान सहित अन्य मुस्लिम देश हमास संगठन के पक्ष में खड़े हो रहे हैं। इजराइल ने गाजापट्टी के ऊपर जवाबी हमला किया। इजराइल का दावा है, कि उसने भी सैकड़ो लोगों को मार गिराया है। हजारों लोग घायल हो गए हैं। यह हमला ऐसे समय पर किया गया है, जब इजराइल और फिलीस्तीन के पहले हमले के 50 साल पूरे हुए है। हमास संगठन के सैकड़ो लोग इजरायल की जेलों में बंद है। हमास संगठन उन्हें छुड़ाने का लंबे समय से प्रयास कर रहा था। हमास को सफलता नहीं मिल रही थी। यहूदी लोग इस दिन उपवास करके प्रायश्चित करते हैं। पिछले 50 वर्षों में हमास और इजरायल के बीच चार युद्ध हो चुके हैं। यरूसलम स्थित अल अक्सा मस्जिद है। दोनों ही धार्मिक समुदाय के लोग इस पर दावा करते हैं। मक्का और मदीना के बाद यह इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। 70 के दशक में दोनों देशों के बीच सहमति बनी थी, कि गैर मुसलमानों को मस्जिद परिसर में आने की इजाजत होगी। लेकिन वह यहां पर प्रार्थना नहीं कर पाएंगे। यहूदियों द्वारा पिछले कुछ समय से मस्जिद में प्रार्थना करने की कोशिश की गई थी। जिसके कारण यह तनाव बढ़ गया। धार्मिक आधार पर यह युद्ध तृतीय विश्व युद्ध का एक आधार बनता हुआ दिख रहा है। जितने भी देश हैं, इन दिनों आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। सत्ता में अपनी पकड़ को मजबूत बनाए रखने के लिए वह धार्मिक आधार को मजबूत करना चाहते हैं। ताकि जनता, सत्ता के खिलाफ विद्रोह ना कर सके। इजराइल भी इस समय घरेलू मोर्चे पर स्थानीय जनता के विरोध का सामना कर रहा है। न्यायिक शक्तियों को कम करने के कारण इजराइल में नागरिक सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। इसी कमजोरी का लाभ उठाकर हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया। हमास के दो ही मुख्य उद्देश्य हैं, कि मस्जिद में गैर मुसलमान प्रार्थना नहीं करें। दूसरा इजरायल की जेलों में जो फिलिस्तीन के नागरिक बंद है, उन्हें रिहा किया जाए। भारत की भूमिका अभी तक एक निष्पक्ष देश के रूप में दोनों देशों के बीच समन्वय बनाने की होती थी। 2014 के बाद इजरायल के साथ भारत के बहुत गहरे रिश्ते बने हैं। उसको देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान भारत की मुश्किल बढ़ा सकता है। जिसमें उन्होंने कहा, कि हम इस मुश्किल की घड़ी में इजरायल के साथ हैं। इससे भारत की जो निष्पक्ष भूमिका होती थी। उसमें अब अंतर आ जाएगा है। भारत भी ईसाई समर्थक और मुस्लिम विरोध का पक्ष बनकर खडा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका इस समय जीरो है। जिस तरह से अमेरिका चीन और रूस के बीच में तनाव बना हुआ है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बाद यूरोपीय देशों और अन्य देशों के बीच में तनाव देखने को मिल रहा है। इजराइल और फिलिस्तीन की लड़ाई एक तरह से यहूदी-ईसाई और मुसलमानों की बीच की लड़ाई के रूप में परिवर्तित होती दिख रही है। आर्थिक कारणों से दुनिया के लगभग सभी देशों में सत्ता के खिलाफ आम जनता का गुस्सा देखने को मिल रहा है। ऐसी स्थिति में भारत जो अभी तक एक निर्गुट और निष्पक्ष देश के रूप में अपनी भूमिका को बनाए रखता था। अब उस भूमिका से बाहर निकाल कर भारत भी एक पक्षकार बन रहा है। इसके परिणाम भारत के लिए सुखद होंगे या विनाशकारी होंगे, यह कहना मुश्किल है। जब दो पक्षों के बीच में लड़ाई होती है, तो दोनों ही पक्षों को नुकसान होना तय होता है। भारत के खाड़ी देशों के साथ बहुत अच्छे आर्थिक और व्यापारिक संबंध है। यदि इजराइल को लेकर संबंधों में खटास आती है, तो इसके दुष्परिणाम भी भारत को झेलने पड़ेंगे। यह आशंका भी व्यक्त की जाने लगी है, कि जिस तरह से दुनिया के देशों में तनाव बढ़ा है। रूस और यूक्रेन के बीच कई महीनो से युद्ध चल रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका नकारात्मक रही है। ऐसी स्थिति में आशंका व्यक्त की जा रही है, कि क्या तृतीय विश्व युद्ध की रणभूमि दुनिया के देशों के बीच में तैयार हो रही है। यदि ऐसा हुआ, तो दुनिया के सभी देशों को इसके बहुत ही घातक परिणाम भुगतने के लिए तैयार हो जाना चाहिए।

# जाति सर्वेक्षण : समाज में संघर्ष या समाधान



डॉ. सरिता कुमारी



कोई भी देश सही अर्थों में विकसित और सफल राष्ट्र की श्रेणी में तभी आता है, जब समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित किया जाता है।

भारतीय समाज में अधिकांशतः आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक पिछड़ापन जाति से जुड़ा हुआ है। हाल के दिनों में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं समाज के विभिन्न वगरे द्वारा जातिगत जनगणना की मांग की गई है। भारत में 1941 जातिगत जनगणना हुई थी पर उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 में सामाजिक-शैक्षिक रूप से पिछड़े वगरे के लिए आयोग बनाने का उल्लेख किया गया है, जिसका उद्देश्य सामाजिक-शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े वगरे की दशाओं को सुधारना है। सामाजिक न्याय और समरसता के लिए जाति की आंकड़े और जातियों की पहचान जरूरी है।

लेकिन हम जाति की संख्या जानकर समानता की राह पर बढ़ेंगे लेकिन इनसे अंतरजातीय प्रतिस्पर्धा और अंतहीन सामाजिक संघर्ष भी बढ़ेगा। बेशक, सच यह भी है कि कोई सामाजिक वर्ग शोषण का शिकार है तो उसे समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए उसकी संख्या, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्थिति का अध्ययन किया जाना चाहिए। बिहार पहला राज्य है जहां जातिगत जनगणना हुई और 2 अक्टूबर, 2023 को उसकी रिपोर्ट भी सार्वजनिक कर दी गई। वर्तमान में, उदारीकरण के बाद राज्य विकास के कई विकल्पों से स्वयं को अलग कर रहा है। राज्य अब सबसे बड़ा नियोक्ता भी नहीं रहा। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आवास और आहार जैसी मूलभूत आवश्यकताएं निरंतर नवउदारवाद की मार झेल रही हैं। हम नई चुनौतियों के नये समाधान खोजने की बजाय पुराने समाधान में ही उलझे रहना चाहते हैं। देश का समावेशी विकास केवल जाति के आधार पर ही नहीं हो सकता। जाति जनगणना से वोट बैंक की राजनीति को बल मिलेगा। जाति जनगणना के क्रियान्वयन से पहले, इसके हासिल के बारे में भी विचार कर लेना चाहिए।

ऐसा न हो कि एक सामाजिक समस्या को बेहतर बनाने के लिए अन्य दूसरी गंभीर सामाजिक समस्या को बढ़ावा मिले। बेहतर सामाजिक समरसता के लिए समाज के विभिन्न वगरे में संतुलन बनाना भी आवश्यक है। जाति जनगणना की मांग को और गति मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले ने दी है, जिसमें इसे आवश्यक बताया गया है। वर्तमान भाजपा सरकार जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं है। जातीय जनगणना के फायदों को लेकर नेताओं के अपने-अपने तर्क हैं। कुछ का कहना है कि जातीय जनगणना के आंकड़े से पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ देकर उन्हें सशक्त बनाया जा सकता है। यह भी तर्क दिया जाता है कि जातीय जनगणना से किसी भी जाति की आर्थिक, सामाजिक और शिक्षा की वास्तविकता का पता चल पायेगा। इससे उन जातियों के लिए विकास की योजना बनाने से आसानी होगी।

जहां एक तरफ जातीय जनगणना से फायदे हैं, वहीं इसके नुकसान भी हैं। नुकसान कई तरह के हो सकते हैं। यदि किसी समाज को पता चलेगा कि देश में उनकी संख्या घट रही है, तो समाज के लोग अपनी संख्या बढ़ाने के लिए अग्रसर होंगे। इससे देश की आबादी में तेजी से वृद्धि होगी। जातीय जनगणना से सामाजिक ताना बाना बिगड़ने का भी खतरा रहता है। 1951 में भी तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल ने यही बात कहकर जातीय जनगणना के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। जातीय जनगणना के पीछे कुल मिलाकर एक राजनीतिक खेल चल रहा है। 2010 में जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब भाजपा के नेता गोपीनाथ मुंडे ने संसद में जातिगत जनगणना की मांग की थी, लेकिन अब सरकार में आने के बाद भाजपा सरकार जातीय जनगणना से पीछे हट गई है। कांग्रेस ने भी 2011 में शरद पवार, लालू यादव और मुलायम सिंह यादव के दबाव में जातीय जनगणना करवाई लेकिन उसके आंकड़े जारी नहीं किए गए। कई प्रदेशों में क्षेत्रीय दल जाति की राजनीति करते हैं। ऐसे में जातीय जनगणना से हिन्दू समाज जाति में विभाजित हो जाता है। इसका फायदा क्षेत्रीय दलों को होगा और भाजपा को नुकसान होने की संभावना है। भारतीय राजनीति की विडंबना है कि विपक्ष में रहने पर दल इसका समर्थन करते हैं लेकिन सरकार में आने पर आनाकानी करते हैं। सत्ताधारी दल को लगता है कि जातीय जनगणना से जातीय गुटबाजी बढ़ जाएगी और समाज भी बंट जाएगा। जातीय विभाजन का सीधा फायदा क्षेत्रीय दलों को मिलेगा। एक तरफ जातीय जनगणना से सरकार को विकास की योजनाओं का खाका तैयार करने में मदद मिलेगी तो पिछड़ी पाई जाने वाली जातियां राजनीतिक दलों के सीधे निशाने पर रहेंगी। ऐसे में तकरीबन सभी दल वोट बैंक हासिल करने की होड़ में लग जाएंगे। परिणामस्वरूप समावेशी विकास की अवधारणा को चोट पहुंचेगी। भारत में जातिगत जनगणना से नई राजनीतिक क्रांति का सुप्रभात होगा या यह राजनीतिक शिगूफा बनकर रह जाएगी?

(लेखिका बी.डी. कॉलेज, पाटलिपुत्र विवि में एसो. प्रोफेसर हैं )

## मानव तस्करी के मामले में दो आरोपित गोवा से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिला की मयूर विहार थाना पुलिस ने मानव तस्करी के मामले में फरार चल रही विदेशी महिला समेत दो लोगों को गोवा से गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान तुर्कमेनिस्तान निवासी अजीजा हकीमी उर्फ अजीजा शेर (36) और शेरजे अफगान उर्फ शेरजोट अफगान उर्फ नूर अहमद हकीमी (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के अलावा अन्य दस्तावेज व इनके अपने पासपोर्ट और दो मोबाइल फोन बरादम किए हैं। अदालत ने दोनों आरोपितों को भगोड़ा घोषित किया हुआ था। महिला विदेशी लड़कियों को अवैध रूप से भारत में लाकर उनसे जबरन जिस्मफरोशी का धंधा करवाती थी। पूर्वी जिला डीसीपी अमरूथा गुगुलोथ ने बताया कि 30 सितंबर को मयूर विहार थाना पुलिस की टीम को मानव तस्करी में शामिल फरार विदेशी महिला व उसके सहयोगी के गोवा में होने का पता चला। फौरन एक टीम का गठन किया गया। मामले की पड़ताल शुरू की गई। पुलिस ने दोनों की तलाश के लिए करीब 200 मोबाइल नंबरों की पड़ताल की। बाद में टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपितों के दो नंबरों की पहचान कर उनका पता किया गया। तीन अक्टूबर को एक टीम को उत्तरी गोवा भेजा गया। वहां से छह अक्टूबर को पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। बाद में उनको गोवा की अदालत में पेश किया गया, जहां से दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने उनको चाणक्यपुरी थाना पुलिस के हवाले कर दिया। अजीजा के खिलाफ डोमेस्टिक एयरपोर्ट थाने में, हजरत निजामुद्दीन थाना, चाणक्यपुरी और क्राइम ब्रांच थाने में मामले दर्ज हैं। नूर अहमद के खिलाफ चाणक्यपुरी थाने में मामला दर्ज है। दोनों को अदालत ने भगोड़ा घोषित किया हुआ था। अजीजा के कई वीडियो वायरल है, जिसमें यह विदेशी लड़कियों से जबरन जिस्मफरोशी के लिए मारपीट कर रही है। वर्ष 2016 में यह भारत आई। इसके बाद अवैध रूप से लिवइन में समीर सेजई नामक युवक के साथ रहने लगी। बाद में उस पर जानलेवा हमला करने पर यह जेल चली गई। जेल से बाहर आकर दोबारा यह समीर के साथ ही रहने लगी थी। 2021 से गायब थी।

## AMU के बाद JNU फलस्तीन के समर्थन में उतरा : कैंपस में आइसा ने लगाए पोस्टर, उठाई ये मांग

**नई दिल्ली।** इस्राइल और फलस्तीन के बीच चल रही जंग पर दोनों के कई देश समर्थन में हैं और कई देशों ने समर्थन नहीं किया है। जहां भारत इस्राइल के साथ तो वहीं देश के अंदर से कई छात्र संगठन फलस्तीन के समर्थन में नजर आ रहे हैं। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के बाद इस्राइल और हमास की जंग के बीच आइसा ने फलस्तीन को आजाद करने की मांग उठाई। साथ ही निर्दोषों की हत्या रोकने का आह्वान भी किया। बता दें कि जेएनयू कैंपस में आइसा ने फलस्तीन के समर्थन में पोस्टर भी लगाए हैं। जानकारी के लिए बता दें कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के छात्रों ने फलस्तीन के समर्थन में अल्लाहू अकबर के नारे लगाए। छात्रों ने पैदल मार्च निकाला। फलस्तीन को आजाद करने की मांग उठाई। रविवार देर शाम एएमयू के डक पॉन्ड से बाब-ए-सैयद तक मार्च निकाला गया। पैदल मार्च के दौरान छात्रों ने नारेबाजी की।



## 'नौवां भारत-अतंरराष्ट्रीय नृत्य संगीत 'महोत्सव' 18 अक्टूबर से

**नई दिल्ली।** भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (आईसीसीआर) की ओर से राजधानी दिल्ली में आगामी 18-20 अक्टूबर तक तीन दिवसीय 'नौवां भारत-अतंरराष्ट्रीय नृत्य संगीत महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में अलग-अलग देशों के करीब 14 विदेशी सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे। इस मौके पर सुश्री प्रिया वेंकटरमन के नेतृत्व में भारतीय प्रदर्शन समूह द्वारा महोत्सव में विशेष प्रदर्शन देने वाले हैं।

Indian Council for Cultural Relations
भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद

## राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पूरी ताकत से लड़ेंगे चुनाव : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पाँच राज्यों के चुनाव की घोषणा के बाद कहा कि वह राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे।

श्री केजरीवाल ने कहा 'तीनों राज्यों में हमारी पार्टी की तैयारी पूरी है। हम राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की उम्मीदवारों की लिस्ट जल्द ही आने वाली है।'

उन्होंने इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि जो भी होगा इस बारे में बताया जाएगा।

ग़ौरतलब है कि चुनाव आयोग ने आज पाँच राज्यों में चुनाव की घोषणा की जिसमें छत्तीसगढ़ को छोड़कर बाकी चार



राज्यों में एक-एक चरण में ही चुनाव संपन्न होंगे। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान कराया जाएगा। सभी राज्यों के चुनाव परिणाम 03 दिसंबर को आएंगे। आयोग ने बताया कि मिजोरम में 07 नवंबर, छत्तीसगढ़ में 07 और 17 नवंबर, मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर जबकि तेलंगाना में 30 को मतदान होंगे।

## दिल्ली के साउथ एक्स में वॉक पर निकली 17 साल की लड़की से 55 वर्षीय व्यक्ति ने की छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पॉश इलाके साउथ एक्स में वॉक के लिए निकली एक नाबालिग लड़की से एक अधेड़ ने छेड़छाड़ की. आरोपी शराब के नशे में धुत था. वॉक पर निकली नाबालिग को उसने सुनसान जगह पर खींचकर ले जाने की कोशिश की, नाबालिग ने शोर मचाया तो कुछ लोग उसकी मदद के लिए आगे आए. लोगों ने आरोपी को पकड़कर जमकर पिटाई की और फिर पीसीआर कॉल करके पुलिस के हवाले कर दिया. आरोपी की पहचान साउथ एक्स पार्ट-1 निवासी सुंदर लाल के रूप में हुई है. दक्षिणी दिल्ली जिले की डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि रविवार रात पीसीआर कॉल मिली थी, जिसमें 17 साल की पीड़िता ने बताया था कि 55 साल की एक व्यक्ति ने वॉक के दौरान उसे सुनसान जगह पर खींचकर छेड़छाड़




की है. उसने नाबालिग पीड़िता को गलत तरीके से छुआ है. मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किया. पुलिस ने मौके से ही आरोपी सुंदर लाल को गिरफ्तार कर लिया. जांच में पता चला कि आरोपी ने शराब पी रखी थी और वह नशे में धुत था.पीड़िता की शिकायत पर पोक्सो समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है. वहीं, दिल्ली महिला आयोग की काउंसलर से पीड़िता की काउंसलिंग करवाई गई है. इसके बाद पीड़िता को उसके परिजनों के साथ घर भेज दिया गया है. पीड़िता का मेडिकल टेस्ट भी कराया गया है. पीड़िता साउथ एक्स पार्ट वन में ही अपने घर वालों के साथ रहती है और पढ़ाई कर रही है.

## दिल्ली में बेकाबू हुई DTC बस बाजार में जा घुसी, ई-रिक्शा और रेहड़ी को मारी टक्कर; एक की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में दिल्ली परिवहन निगम की एक बस ने दो ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इससे एक शख्स की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। बस चालक मौके से फरार हो गया है। मामला कल्याणपुरी थाना क्षेत्र के कोंडाली पुल के पास फल बाजार का है। पुलिस ने बताया कि फल बाजार में डीटीसी बस द्वारा दो ई-रिक्शा और एक फल रेहड़ी को टक्कर मारने की सूचना मिली थी। हादसा लगभग साढ़े 10 बजे हुए था। टक्कर लगते ही बस का चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया।

**तीन लोगों को मामूली चोटें आई**

हादसे में तीन लोगों को मामूली चोटें आई हैं। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा एक शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान आनंद माधव(36) पुत्र रामशरण के रूप में हुई है, जो कानपुर (यूपी) के रहने वाले थे।

**कैसे हुआ एक्सीडेंट**



जिला पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने बताया कि रात दस बजे पुलिस को सूचना मिली कि न्यू अशोक नगर की साइड से कल्याणपुरी की तरफ जा रही डीटीसी की बस ने कोंडली पुल के पास दो ई रिक्शा व लोगों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे लगी फल की रेहड़ियों से जा टकराई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए।

किसी तरह से बस को हटाकर घायलों को निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। एक की मौत हुई है। बाकी घायल है। उन्होंने कहा की हादसा शराब के नशे में हुआ या ब्रेक फेल हुआ इसका पता लगाया जाएगा। घायल समीर ने बताया कि वह बेटे व रिक्शा चालक दोस्त आसिफ के साथ कोंडली पुल के पास से फल खरीदने गए थे। वह तीनों रिक्शे से बाहर खड़े होकर फल ले रहे थे, तभी तेज रफ्तार में बस आई, वह कुछ समझ पाते इतने में बस ने रिक्शे में टक्कर मारते हुए वहां खड़े लोगों को टक्कर मार दी। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। 50 से अधिक लोगों ने बस को धक्का देकर वहां से हटाया।

**घायल लोग**

अली(4) पुत्र समीर, तिरलोकपुरी।

समीर(28) पुत्र नासिर तिरलोकपुरी

आसिफ(27) पुत्र अहमद

## राकांपा विधायक अयोग्यता विवाद पर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अजीत पवार और सात अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया। . विधानसभा अध्यक्ष पर आरोप है कि वह दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत फैसला करने में देरी कर रहे हैं।मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राकांपा नेता जयंत पाटिल की याचिका पर यह नोटिस जारी की। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को करेगी।गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ दायर याचिका पर 13 अक्टूबर को ही अगली सुनवाई करने वाली है। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने पहले याचिका दायर की थी।



## गाजियाबाद में भांजी के साथ गंदी हरकत कर हत्या करने वाला युवक पुलिस मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद।** कोतवाली इलाके में अपनी भांजी के साथ गन्दी हरकत कर उसकी गला दबाकर हत्या करने वाला 27 वर्षीय युवक कोतवाली पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया। उसे शनिवार की देर रात जिला एमएमजी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए लाया गया था, तभी उसने पुलिस कर्मी की पिस्टल छीनने की कोशिश की थी। उसे घायल अवस्था मे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

डीसीपी सिटी अंकुर अग्रवाल ने रविवार को बताया कि थाना क्षेत्र कोतवाली में शनिवार को एक 27 वर्षीय युवक ने अपनी ही 07 वर्षीय भांजी के साथ अश्लील हरकत करने के बाद उसका गला घोट कर हत्या कर दी। पुलिस द्वारा



तत्काल घटना का संज्ञान लेते हुए सुसंगत धाराओं में एफआईआर पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया था। इसी क्रम में अभियुक्त का मेडिकल परीक्षण कराने हेतु उसको जिला एमएमजी अस्पताल लेकर गए थे।

मेडिकल परीक्षण कराने के बाद वापस लाने के दौरान आरोपित ने उसके साथ मौजूद पुलिसकर्मी का पिस्टल छीन कर भाग जाने की कोशिश की। इसी दौरान उसने पुलिस के ऊपर फायरिंग भी की। पुलिस की ओर से आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी। इससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नोएडा के बाद अब न्यू नोएडा, 20911 हेक्टेयर में बसेगा

**नोएडा।** नोएडा के बाद अब न्यू नोएडा को सजाने संवारने का काम शुरू हो चुका है। दादरी ङ्क नोएडा ङ्क गाजियाबाद निवेश क्षेत्र (डीएनजीआईआर) यानी न्यू नोएडा के जमीन के अधिग्रहण को तीन अलग-अलग तरीकों से किया जाएगा। इसका उद्देश्य है कि अधिग्रहण के साथ-साथ इस पर विकास कार्य भी हो सके। न्यू नोएडा का विकास पांच चरणों में किया जाएगा। इसमें सभी की सहभागिता होगी। सरकारी एजेंसियां, प्राइवेट एजेंसियां और किसानों की सहमति के आधार पर जमीनों का अधिग्रहण किया जाएगा और फिर विकास कार्य होगा। 20911 हेक्टेयर में न्यू नोएडा का विकास कार्य होगा। इसमें अलग-अलग माध्यम से जमीनों का अधिकार किया जाएगा। पहले मध्यम किसानों से सीधे जमीन खरीदी जाएगी। भू अधिग्रहण नीति 2011 के तहत जमीन मालिकों को उचित मुआवजा दिया जाएगा और उनसे जमीनों का अधिग्रहण किया जाएगा। लैंड पूलिंग के माध्यम से भी इसमें जमीन ली जाएगी। लैंड पूलिंग पॉलिसी के तहत किसानों से उनकी जमीन मांगी जाएगी। किसानों को इसके लिए आवेदन करना होगा, इसमें कम से कम 25 एकड़ का प्लॉट चाहिए। इसके साथ-साथ निजी एजेंसियों को भी भूमि अधिग्रहण करने का मौका मिलेगा। सरकार की भू अधिग्रहण पॉलिसी 2022 के तहत जमीन की खरीद के लिए निजी एजेंसी को भी मौका दिया जाएगा, हालांकि यह जमीनें वहां के औद्योगिक विकास प्राधिकरण, आवास विकास प्राधिकरण, शहरी निकाय की सीमा से बाहर होनी चाहिए। 25 प्रतिशत जमीन की खरीद पर लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। यहां डेवलपर की ओर से 18 माह के भीतर विकास किया जा सकेगा। हालांकि इससे इसके लिए पहले से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट देनी होगी। लाइसेंस मिलने के बाद 2 साल में तय लक्ष्य का 60 प्रतिशत जमीन अधिग्रहण करना जरूरी होगा। 75 प्रतिशत जमीनों का अधिग्रहण करने के बाद नक्शा पास कराना जरूरी होगा। इसका नक्शा यूपीसीडा करेगा। अगर 80 प्रतिशत जमीन के अधिकरण के बाद किसी प्रकार की दिक्कत आती है तो इसमें यूपीसीडा डेवलपर की मदद करेगा।

## दिल्ली पुलिस ने हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ पवन मुंजाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पवन मुंजाल और अन्य के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी और पांच करोड़ रुपये से अधिक के झूठे बिल बनाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

हालाँकि, यह मामला मुंजाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच से संबंधित नहीं है। आईएएनएस के पास उपलध प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता, ब्रेन्स लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के रूप दर्शन पांडे ने हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड (एचएमसीएल) को आरोपी नंबर 1, मुंजाल को आरोपी नंबर 2, विक्रम सीताराम को आरोपी नंबर 3, हरि पकाश गुप्ता को आरोपी नंबर 4 और डेलॉइट हैस्किन्स एंड सेल्स लिमिटेड में पार्टनर मंजुला बनर्जी को आरोपी नंबर 5 बनाया है। सीताराम और गुप्ता दोनों हीरो



मोटोकॉर्प में अधिकारी हैं।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी नंबर 1, 2, 3 और 4 प्रतिष्ठान में पदाधिकारी और प्रमुख नियोक्ता हैं, जबकि आरोपी नंबर 5 वर्ष 2009 और 2010 में कंपनी की मान्यता प्राप्त ऑडिटर थीं और इस प्रकार यहां सभी आरोपियों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर जालसाजी, धोखाधड़ी और हीरो मोटोकॉर्प के खातों की किताबों में हेराफेरी करने के अवैध कार्य किए हैं।

**और अधिक जानकारी प्राप्त करें**

प्राथमिकी में कहा गया है, 'सभी अपने आपराधिक कृत्यों और चूक के लिए संयुक्त रूप से और अलग-अलग उत्तरदायी हैं। शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों की शुरुआत में यह है कि आरोपी कंपनी नंबर 1 ने आरोपी नंबर 2 और 3 के साथ मिलकर वर्ष 2009 और 2010 के कुल 5,94,52,525 रुपये के फर्जी महीनेवार बिल बनाए, जिसमें कहा गया था कि महीनेवार बिलों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और उन पर 'हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड' की मोहर लगी है। उन्होंने शिकायतकर्ता कंपनी के खिलाफ अपने खातों में कुल 5,94,52,525 रुपये का गलत डेबिट बैलेंस बनाया है और फर्जी बिलों के खिलाफ 55,51,777 रुपये का गलत सीईएनवीएटी (सेवा कर) क्रेडिट प्राप्त किया है और आयकर विभाग को धोखा दिया। आरोप लगाया गया है कि शिकायतकर्ता कंपनी ने 2009 और 2010 में कभी ये बिल जमा नहीं किये थे क्योंकि कंपनी रजिस्ट्रार, नई दिल्ली द्वारा जारी निगमन प्रमाण पत्र के अनुसार, 'हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड' 27 जुलाई 2011 को अस्तित्व में आया था। प्राथमिकी में यह भी बताया गया है कि शिकायतकर्ता ब्रेन्स लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस लिमिटेड का अकेला मालिक है। वह ब्रेन्स लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड में प्रवर्तक भी है जिसके साथ एचएमसीएल ने मैनपावर और संबंधित सेवाओं के लिए करार किया था।

शिकायतकर्ता कंपनी ने आरोप लगाया है कि उसने जालसाजी और धोखाधड़ी के उपरोक्त कृत्यों की जानकारी आरोपी नंबर 5 (मैसर्स फर्ग्यूसन में तत्कालीन ऑडिटर) को दी थी, जिसने 16 अक्टूबर 2019 को जवाब में कहा था कि उसने वर्ष 2009 और 2010 के आरोपी के बही-खातों का ऑडिट किया है। हालांकि उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि बही-खातों में क्या मिला है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि थाने में आईपीसी की धारा 463, 467, 468, 471, 34, 477ए, 120बी और 406 के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## नोएडा में सड़क धंसी, सीवर लाइन डैमेज होने से हुआ कटान

**नोएडा।** नोएडा की मास्टर प्लान रोड नंबर-2 करीब 15 से 20 फीट तक धंस गई है। इस रोड पर रोजाना सैकड़ों की संख्या में वाहन आते जाते हैं। वहां मौजूद लोगों ने स्कूल का बैरिकेड लगाकर रोड को बंद कर दिया है। यातायात को एक लेन से निकाला जा रहा है।

बताया गया कि ये रोड रात में धंसी थी। रोड धंसने की जानकारी प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। इसके बाद मौके पर अधिकारी पहुंच रहे हैं। बताया गया कि सेक्टर-27 की डीप सीवर लाइन के फटने से लीकेज था। इस वजह से सड़क पर अंदर से कटान हो गया। इस कारण ये धंस गई।

इसमें पानी भरा हुआ दिख रहा है। फिलहाल पूरे मामले की स्ट्रक्चर जांच की जाएगी। बता दें कि ये रोड आगे डीएससी और अंडरपास के जरिए नोएडा ग्रेटर




-नोएडा एक्सप्रेस को कनेक्ट करती है। पीक आवर में यहां हैवी ट्रैफिक रहता है। डीजीएम जल आरपी सिंह ने बताया कि यहां डीप सीवर लाइन है। उसमें कुछ लिकेज की बात सामने आई है। इस वजह से कटान हुआ और सड़क धंस गई।

## नोएडा में सख्ती के बाद दो अफसरों ने छोड़ा का बंगला, मकान खाली करने के लिए चार अधिकारियों ने मांगी मोहलत

**नोएडा।** नोएडा से कई साल पहले तबादला हो चुके बड़े अफसर यहां के बंगलों का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। सेक्टर-14ए में सरकारी बंगले कब्जाए हुए हैं। करीब दो महीने पहले नोएडा प्राधिकरण ने जब सख्ती शुरू की तब अफसर राइट टाइम हुए। एक आईएएस और एक आईपीएस अधिकारी ने मकान खाली कर दिया है। बाकी बचे चार अफसरों ने मोहलत मांगी है। ये नोटिस उनके मकान के बाहर चस्पा भी किया था। नोएडा सेक्टर-14ए में रहने वाले आईएएस आराधना शुक्ला, मोनिका गर्ग, अनुराग श्रीवास्तव, राजेश प्रकाश के अलावा आईपीएस लव कुमार और अभिषेक वर्मा ने सरकारी मकान नोएडा प्राधिकरण से ले रखा है।

खास बात यह है कि इन सभी अफसरों का सालों पहले नोएडा से तबादला हो चुका है। इनमें से एक आईएएस आराधना शुक्ला सेवानिवृत्त हो चुकीं हैं। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण ने अगस्त 2023 के पहले सप्ताह में नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर मकान खाली करने के निर्देश दिए थे। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि आईएएस आराधना शुक्ला और आईपीएस अभिषेक वर्मा ने मकान खाली कर दिया है। आराधना शुक्ला नोएडा प्राधिकरण में अगस्त 2015 से जून 2018 तक कार्यरत रहीं। आराधना शुक्ला का मकान प्राधिकरण के सीएलए को आवंटित कर दिया गया है। आईएएस मोनिका गर्ग और अनुराग श्रीवास्तव ने मकान खाली करने के लिए समय मांगा है। आईएएस राजेश प्रकाश हफ्ते-10 दिन में मकान खाली कर देंगे। यह मकान प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री को आवंटित कर दिया गया है। राजेश प्रकाश वर्ष 2014 से 2016 तक नोएडा प्राधिकरण में बतौर एसीईओ कार्यरत रहे थे। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया इनके अलावा आईपीएस लव कुमार को भी मकान खाली करने के लिए नोटिस दिया गया था। ऐसे में लव कुमार फिलहाल रह सकते हैं। अब नियमों का गहनता से पता किया गया तो सामने आया कि दिल्ली में कार्यरत यूपी के अधिकारियों को नोएडा में मकान मिल सकता है।


क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# भाजपा पदाधिकारी खुद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं दे पा रहे इसलिए निजी संस्थानों को दे दें ठेका: शोभना केवड़िया

## आप का सीएम को पत्र

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

आप के द्वारा आरोप लगाया गया है कि सूरत नगर निगम के अधिकारी अपने बहुमत के कारण शहर को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे काम कर रहे हैं। कहा गया है कि नगर पालिका की महामुली जमीन को आधे दाम यानी पानी के दाम पर आवंटित कर आर्थिक साजिश की गयी है. इसलिए नगर पालिका के खजाने को होने वाली वित्तीय हानि को रोकने के लिए सतर्कता जांच कराई जाए और तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जाए। आपके द्वारा ऐसे अभ्यावेदन किये जा रहे हैं।


સુરત મહાનગરપાલિકા,
સુરત.

સવિનય જણાવવાનું કે, મારી નીચે મુજબની દરખાસ્ત નગર નિયોજન સમિતિ આગામી મળનાર મીટીંગમાં વધારના કામના એજન્ડા તરીકે રજૂ કરવાની કાર્યવાહી કરવા વિનંતી.

" વધારાના કામની દરખાસ્ત "

"આજ રોજ તારીખ 9/ 10 /2023 ના રોજ નગર નિયોજન સમિતિમાં કામ નંબર 3,4,7 ત્રણ પ્લોટના કામ આવેલા છે એ બાબતની ચર્ચા..

આજ રોજ ટી.પી. કમિટીની અંદર જે ત્રણ પ્લોટ અલગ અલગ ટ્રસ્ટોની સાર્વજનિક હોસ્પિટલ બનાવવા માટે ફાળવવા માટેના કામ માટે આવેલા છે એ ત્રણે ત્રણ કામ અંતર્ગત હું નગરસેવક તરીકે અને ટી.પી. કમિટીના સભ્ય તરીકે મારૂ એ સૂચન રજૂ કરું છું કે આ પ્રસ્તાવને અમારું સમર્થન છે સુરત મહાનગરપાલિકાના સત્તા પક્ષાના શાસકો છેલ્લા 28 - 30 વર્ષથી સુરત શહેરની સત્તા ઉપર છે , સુરત શહેરની જનતાની માલિકીના પ્લોટ ઉપર પોતે તો હોસ્પિટલ બનાવી સામાન્ય જનતાને આરોગ્યને સુવિધા આપી શકવામાં સક્ષમ તો નથી એટલા માટે થઈને જ પ્રાઇવેટ સંસ્થાઓને જ્યારે આ જગ્યા મહામોંઘી જગ્યા 50 વર્ષની લીઝ તરીકે આપવામાં આવે છે ત્યારે અમે માંગ કરીએ છીએ કે આ સુરત મહાનગરપાલિકાની જમીન ઉપર ઊભું થઈ રહેલા આ આરોગ્ય ભવન કે જે હોસ્પિટલો માટે જગ્યા આપવામાં આવી રહી છે એમાં સુરત મહાનગરપાલિકા દ્વારા મોકલવામાં આવતા દર્દીઓ માટે 40% જગ્યા રિઝર્વ (અનામત )રાખવામાં આવે , કારણ કે સત્તા પક્ષએ પોતે એ વાત નિષ્ફળતા સાથે સ્વીકારી છે કે અમે નાગરિકોની જમીન ઉપર પણ આરોગ્ય સુવિધાઓ આપવા માટે હોસ્પિટલ બાંધવા સક્ષમ નથી અમે આમાં નિષ્ફળ ગયા છીએ ,
કોઈપણ ઇન્ફ્રાસ્ટ્રક્ચર ઊભું કરવા કે કોઈ પણ સંસ્થા ઊભી કરવા માટે આજકાલ જમીન સૌથી મોંઘી વસ્તુ

शहर की जनता को लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक टाउन प्लानिंग कमेटी की अगली बैठक के संबंध में टी.पी. समिति की सदस्य शोभनाबेन केवड़िया ने सत्ताधारियों से जनता के हित में फैसला लेने की अपील की और कहा, ''आप जिन तीन भूखंडों को अस्पताल बनाने के लिए अलग-अलग संस्थानों को 50 साल के लिए पट्टे पर देने का प्रस्ताव ला रहे हैं, मैं उसका पूरा समर्थन करती हूं.'' लेकिन, मेरी अपील है कि सूरत नगर निगम द्वारा रेफर किए गए मरीजों को उस अस्पताल में 40% आरक्षण आवंटित किया जाना चाहिए, ताकि शहर के लोगों को इसका सीधा फायदा मिल सके।

शोभनाबेन केवड़िया ने सीधे तौर पर बीजेपी शासकों पर सत्ता के बल पर अपने उपद्रवियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया और कहा कि 30-30 साल से सत्ता में रहने वाले शासक खुद कुछ नहीं कर सकते, इसलिए संस्थाओं को लीज पर देने की कोशिश कर रहे हैं. सूरत को लाभ मिलना चाहिए । एक अन्य कार्य के बारे में शोभनाबेन केवड़िया ने कहा, बिग वराछा-उतरन टी.पी. 24वां अंत्येष्टि कक्ष नं. व्यावसायिक एवं अंतिम कक्ष के लिए विक्रय योग्य आर 7(158) में 130 सब प्लॉट नं. 2. परिसर के हस्तांतरण हेतु सदर टी.पी. योजना में विविधताएं पेश की गई हैं। जिस कार्य में नगर पालिका को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है, मैं उसका सख्त विरोध करता हूं।

बिल्डरों पर लगाया जा रहा है डेरा शोभनाबेन केवड़िया ने अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी शासक केवल बहुमत के बल पर बाजार मूल्य से आधी कीमत पर जमीनें दे रहे हैं और करोड़ों रुपये का नुकसान उठाने की बारी नगर पालिका की है. भूमि की कीमत प्रति वर्ग मी. अपनी खुद की संपत्ति के लाभ के लिए लगभग आधी कीमत पर 1 लाख रु 60 हजार की कीमत पर.सूरत नगर निगम द्वारा नदी के किनारे खुली जगह आवंटित करने के बदले सरकारी आवास के बगल में आधी कीमत पर जमीन लेकर बिल्डरों को समायोजित किया जा रहा है। जिसका निष्पादन नहीं किया जा सकता है.

# नवसारी में ब्रेकअप करना चाह रही लड़की को उसके प्रेमी ने सीढ़ियों से धक्का दिया

## घायल लड़की की इलाज के दौरान मौत

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com



आजकल प्यार की परिभाषा बदल गई है। एक गलतफहमी या ग़लतफ़हमी के कारण लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते का दुखद अंत हो रहा है, नवसारी जिले के मारोली में कुछ ऐसा ही हुआ। जहां 6 महीने के एक प्रेम प्रसंग के बच्चे की मौत हो गई है. किसी वजह से रिश्ता तोड़ना चाह रहे प्रेमी को प्रेमिका ने धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इसलिए लड़की को मौत के मुंह में धकेल दिया गया है.

सिलाई क्लास से लड़की को बातचीत के लिए ले गया युवक मरोली के पास दलकी गांव में रहने वाली 20 वर्षीय लड़की का गांव के ही रहने वाले युवक बासित से 6 महीने से प्रेम प्रसंग चल रहा था. हालांकि, लड़की बासित से रिश्ता तोड़ना चाहती थी। वहीं बासित प्रेम संबंध बनाना चाहता था. लड़की महुवर गांव के कस्तूरबा आश्रम में नियमित रूप से सिलाई कक्षा में जाती थी। फिर मंगलवार को भी वह रोजाना की तरह अपनी एक्टिवा पर सिलाई क्लास में गई। इसी दौरान बासित उसे बात करने के बहाने महुवर गांव के मरौली रेलवे स्टेशन के पास फुटओवर ब्रिज पर ले गया। दोनों फुट ओवरब्रिज की सीढ़ियों के पास खड़े होकर बातें करने लगे। तीखी बहस में बासित ने लड़की को सीढ़ियों से धक्का दे दिया, जिससे वह गिर पड़ी और सिर के बायीं तरफ चोट लगने से खून बहने से वह बेहोश हो गयी.

इसी बीच दोपहर डेढ़ बजे लड़की के पिता को सिलाई क्लास से फोन आया कि एक लड़का आपकी लड़की को जबरन बाइक पर बैठाकर ले गया है।

इसलिए चिंतित परिजन उसे ढूंढने निकले तो बच्ची रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों के पास लहूलुहान हालत में बेहोश मिली। इसलिए, उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के संबंध में लड़की के पिता ने बासित अब्दुल क्यूम मालेक के खिलाफ मरोली पुलिस में शिकायत दर्ज करायी, पुलिस ने उसके खिलाफ अपहरण, हिंसक हमला और भागने का मामला दर्ज कर जांच की.

# सूरत में मोबाइल व्यापारी की अज्ञात व्यक्तियों ने चप्पू से हत्या कर दी

## अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com



सूरत: शहर में अपराध दर बढ़ती जा रही है. हत्या की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. सूरत शहर में एक मोबाइल एक्सेसरी डीलर अपनी पीठ पर चप्पू,मोबाइल डीलर की मौत इसी बीच उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया और वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.इस घटना का सीसीटीवी सामने आने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है.

प्राप्त विवरण के अनुसार धरगाराम चौधरी की सूरत के पर्वत गांव के पास मोबाइल एसेसरीज की दुकान है। कल रात, रहस्यमय परिस्थितियों में, वह हाउसिंग सोसाइटी के पास खून से लथपथ पाया गया, उसकी पीठ पर चप्पू था। उन्हें तुरंत इलाज के लिए स्मीमेर अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ देर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. घटना के सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि कारोबारी पीठ पर चप्पू लगा हुआ पहुंचता है और बाद में वहीं गिर जाता है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरूकर दी है

व्यापारी को गिरता देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और उसे उपचार के लिए स्मीमेर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गोडादरा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मृतक के परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है। उसकी मौत से परिवार में रो-रोकर बुरा हाल है।

# इच्छानाथ के पास शिवम अपार्टमेंट के फ्लैट से जिस्मफरोशी का करोबार करते हुए पकड़ा गया

## चार लड़कियों को मुक्तकराया गया

### ग्राहकों से 5000 रुपये लिए जाते थे, 2000 रुपये लड़की को दिए जाते थे

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत,सूरत क्राइम ब्रांच की IUCAW (महिलाओं के खिलाफ अपराध के लिए जांच इकाइयां) सेल ने उमरा पुलिस सीमा में इच्छानाथ नेहरूनगर के पीछे शिवम अपार्टमेंट के किराए के फ्लैट में एक रैकेट का भंडाफोड़ किया। वहां से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता तक, शिमला के चारों ललनाओं को रिहा कराया।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार, कांस्टेबल धर्मेशभाई द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर, सेल की टीम ने कल दोपहर इच्छानाथ सोमनाथ महादेव नेहरूनगर के पीछे शिवम अपार्टमेंट की पहली मंजिल पर फ्लैट नंबर डी/04 पर एक डमी ग्राहक भेजा और सत्यापित किया गया कि वहां बहुत सारे वेश्यालय थे। बाद में IUCAW सेल ने वहां छापा मारा। करी मैनेजर राजूभाई खोदभाई मीठापारा (रेस्ट.सी/1102, सागरसंकुल, पिरामिड टाउनशिप, जहांगीरपुरा, सूरत), 22 वर्षीय मैनेजर गंगाराम धनीराम गोस्वामी, एजेंट हितेंद्रसिंह प्रवीणसिंह परमार ( बाकी. वीर सावरकर हाइट्स, उगत कैनाल रोड, सूरत), वहां गांव में रहने वाले 19 वर्षीय रसोइया और सहायक विकास किशोरजी ने गिरि का अपहरण कर लिया. कोलकाता, शिमला के दो लाल को फ्लैट से रिहा कर दिया गया, जबकि दिल्ली और मुंबई के दो लाल बाहर हॉल में बैठे पाए गए। IU-CAW सेल के चार ग्राहक अंकित अशोकभाई कुम्भानी (निवासी कुमकुम रेजीडेंसी, वराछा, सूरत), भौतिक भूपेन्द्रभाई देवानी (निवासी) । सामा सोसायटी, हीराबाग, वराछा, सूरत), चेतीलाल उर्फ चेकितान माधवजीभाई बोर्ड (निवासी वृजराज रेजीडेंसी, सरथाणा, सूरत) और दिव्येश मनुभाई परमार (निवासी संस्कृत हाइट्स, पिपलोद, सूरत) को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 14 हजार रुपये नकद बरामद किये गये। फ्लैट। नौ मोबाइल फोन, 42 कंडोम पाए गए और कुल 1.89 लाख रुपये जब्त किए गए। IUCAW सेल को बाथरूम के बगल में कूड़ेदान से 15 इस्तेमाल किए हुए कंडोम भी मिले।

मैनेजर गंगाराम से पूछताछ करने पर पता चला कि उसके सेठ जयेश काठियावाड़ी, राज और राहुल ने फ्लैट के मालिक महेश से एक फ्लैट किराए पर लिया था और यहां कुटनखा शुरूकर दिया था। प्रति ग्राहक 2 हजार वह ललाना को देता था। IUCAW सेल कुटनखाना के तीन पार्टनर जयेश काठियावाड़ी, राज व राहुल तथा फ्लैट के मालिक महेश को वांछित घोषित कर उमरा थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की.

अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ
और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईल:-987914180 या फोटा,वीडियो हमें भेजे